प्रेस नोट

दिनांक 03.01.2025

<u>थाना जरिया पुलिस द्वारा लगभग 02 माह पूर्व गुमशुदा विक्षिप्त महिला को उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।</u>

पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में प्रत्येक दिवस की भांति दिनांक 02.01.2025 को थानाध्यक्ष जरिया द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक महिला मिली,जो प्रथम दृष्टया देखने में मानसिक विक्षिप्त लग रही थी। थानाध्यक्ष द्वारा महिला से पूछताछ की गयी तो महिला के मानसिक रूप से विक्षिप्त होने के कारण वह अपना नाम पता नही बता पा रही थी, जिसे थाना ले आया गया। तत्पश्चात महिला के परिजनों के सम्बन्ध में जानकारी करने का प्रयास किया गया, व आसपास लोगों से जानकारी की गई, परन्तु कोई संतोषजनक जानकारी नहीं मिल पाई। थाना स्थानीय पर नियुक्त आरक्षी अभिनव प्रताप सिंह व महिला आरक्षी चेतना द्वारा महिला से काफी समय तक बड़ी सरलता से बात-चीत करने पर अथक प्रयास के फलस्वरूप महिला ने बताया कि उसके गाँव का नाम सरांय है।

इसी क्रम में पुलिस टीम के पूछताछ के दौरान महिला ने मलका गांव बताया, इसके पश्चात मलका गांव व सराय नाम से आने वाले गाँवो को गूगल मैप के माध्यम से सर्च किया गया। जो भी गांव सराय नाम से मिले उनके प्रधान के मोबाइल नम्बर C-Plan ऐप से खोज कर फोन कर संपर्क किया। इस प्रकार अथक प्रयास के बाद ग्राम सराँय बैरिहाखेड़ा व मलका गाँव जनपद रायबरेली में मिले। तत्पश्चात आरक्षी अभिनव प्रताप सिंह द्वारा C-Plan ऐप के माध्यम से ग्राम सराँयबैरिहा खेडा के ग्राम प्रधान के मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर उक्त महिला के सम्बन्धी के बारे में जानकारी की गयी तो ग्राम प्रधान द्वारा महिला को ग्राम सराँयबैरिहाखेडा का होना बताया गया, ग्राम प्रधान के माध्यम से महिला के परिजनो को सूचना दिलवाई गयी। महिला के परिजन से (वीडियो कॉल) पर वार्ताकर महिला की पहचान कराई गई। प्राप्त सूचना के आधार पर महिला के परिजन थाना जरिया पर उपस्थित आये । महिला के पति जिनका नाम सैनजीत था उनके द्वारा महिला की पहचान अपनी पत्नी श्रीमती सुरनपती के रूप मे की गयी तथा महिला के परिजन द्वारा बताया गया कि वह लगभग दो महीने से खो गयी थी, काफी खोजबीन के बाद भी नही मिली। बाद पहचान थाना जरिया पुलिस द्वारा महिला को उसके परिजन को नियमानुसार सुपुर्द किया गया।